



# नॉनस्टॉप हरियाणा का
# संकल्प पत्र



भरोसा दिल से
बीजेपी फिर से



"

हरियाणा ने हमेशा ही कृषि और रक्षा जैसे बड़े क्षेत्रों में देश को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के युवा इनोवेशन की दुनिया में भी अपना परचम लहरा रहे हैं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।

"

- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी



# हरियाणा के लिए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का संदेश

राम राम सारयाने,

हरियाणा की इस समृद्ध भूमि ने न केवल भारत को वीर योद्धा, परिश्रमी किसान और कीर्तिमान खिलाड़ी दिए हैं, बल्कि देश की उन्नति में अहम भूमिका निभाई है। आज तक मुझे यहाँ का निवासी होने पर गर्व था, मगर आज आपके सेवक के रूप में मुझे इस पवित्र धरती की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, उसके लिए मै अपने आपको बहुत भाग्यशाली मानता हूँ। आपकी सादगी, मेहनत और त्याग ने सदैव मुझे प्रेरित किया है।

पिछले एक दशक में हुआ हरियाणा का विकास अभूतपूर्व रहा है। आज हमारे युवा अपने स्टार्टअप द्वारा आत्मनिर्भरता की सीढ़ी तेज़ी से चढ़ रहे हैं। हमारी बेटियां दुनिया भर में हरियाणा और देश का नाम रौशन कर रही हैं। गरीब, वंचित तथा मध्यम वर्ग तक सभी बुनियादी सुविधाएं पहुँचायी गयी हैं। पूर्व सरकार के दहशत के दौर से उभरता हुआ हरियाणा आज गर्व से सिर ऊँचा कर के जी रहा है।

हमारी सरकार द्वारा किये गए अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप हरियाणा जल जीवन मिशन योजना के तहत 100% कवरेज का लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहा। म्हारा गाँव जगमग गाँव योजना के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक 24X7 बिजली पहुँचायी गयी। गैस सिलिंडर कनेक्शन के माध्यम से ग्रहिणीयों को लाभ हुआ। बुनियादी सुविधाएं हर घर तक पहुंचाने से हरियाणा के लोग आज एक आरामदायक जीवन यापन करने में सक्षम हैं।

भाजपा सरकार द्वारा 2015 में शुरू की गई 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना ने, विशेष रूप से हरियाणा में, बालिका की स्थिति में सुधार और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण हरियाणा में लिंगानुपात पहली बार 900 के पार हो गया है। अन्नदाता हरियाणा की अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिनके उत्थान के लिए पिछले दशक में क्षतिग्रस्त फसलों के लिए किसानों को ₹12,500 करोड़ मुआवजे के रूप में जारी किए। इसके अतिरिक्त, सभी 24 फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी और भावांतर भरपाई योजना के तहत 21 फलों और सब्जियों का समर्थन, कृषि के क्षेत्र में एक राष्ट्रीय मॉडल बन गया है।

इतना ही नहीं, हरियाणा की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए कृष्णा सर्किट, हड़प्पा सर्किट, ज्योतिसर में अनुभव केंद्र और सरस्वती विकास धरोहर बोर्ड का गठन जैसी पहल हमारी सरकार के समर्पण को दर्शाती हैं। हमने भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त हरियाणा को "कुशल हरियाणा" में परिवर्तित किया। हमारी भ्रष्टाचार विरोधी पहल को घोटालों के खिलाफ जांच और कानूनी कार्रवाइयों के साथ क्रियान्वित किया गया।

भाजपा सरकार ने बिना किसी पक्षपात के हरियाणा में सभी समुदायों और क्षेत्रों के लिए समग्र विकास सुनिश्चित किया है। हम आने वाले कल के बारे में सोचते हैं और इसी नज़रिये के चलते हमने 31 दिसंबर तक के कार्य योजना तैयार कर ली है।

आज, मैं आपके साथ मिलकर एक नए हरियाणा के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा रहा हूँ, जहाँ प्रत्येक व्यक्ति का सपना साकार हो और हर घर में खुशहाली का दीप प्रज्वलित हो। आपकी सेवा का मेरा संकल्प अटूट है, और आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। हमारा उद्देश्य है आपके विश्वास पर खरा उतरना और आपके सपनों को साकार करना। आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा हरियाणा बनाएं जो न केवल आज बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने।



जय हरियाणा!

नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार

# हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष
# श्री मोहनलाल बड़ोली का संदेश

राम राम सारयाने,

भाजपा एकमात्र पार्टी है जिसने हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को समझा है और राज्य को भारत की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाने की दिशा में काम किया है। भाजपा की राज्य सरकार ने 10 वर्षों में एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा की प्रगति को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हर क्षेत्र में काम किया।

भाजपा का यह घोषणा पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए हरियाणा को और विकसित, समृद्ध एवं समावेशी बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। इस घोषणा पत्र में भाजपा सरकार द्वारा अगले पांच सालों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है।

पिछले दस वर्षों में हरियाणा में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा आदि के मामले में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिससे जनता का भाजपा के नेतृत्व में विश्वास बढ़ा है। दूसरी ओर, कांग्रेस का 10 साल का शासन बदहाली, जातिगत हिंसा, महिलाओं के खिलाफ अपराध और ऐसी कई गतिविधियों से कलंकित रहा। हरियाणा की जनता इस घोषणा पत्र में अपने वादों पर खरे उतरने वाली विश्वसनीय भाजपा सरकार की राज्य में परिवर्तन लाने की योजनाओं को देखेगी। भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल में हरियाणा विकास का गवाह बनेगा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। भाजपा के नेतृत्व में गरीब, किसान, युवा, महिलाएं एवं हर वर्ग सशक्त और समृद्ध होंगे। हरियाणा की जनता एक बार फिर भाजपा में विश्वास जताएगी और विकसित हरियाणा के लिए वोट करेगी तथा इतिहास का हिस्सा बनेगी।

अमृत काल के स्वर्णिम हरियाणा के प्रिय भाइयों और बहनों से अपील करता हूं कि आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देकर एक बार फिर हरियाणा को विकास की राह पर ले चलें। भाजपा हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। आइए, हम सब इस विकास यात्रा का हिस्सा बनें और हरियाणा में फिर से भाजपा सरकार बनाएं।

जय हरियाणा!

मोहन लाल बड़ोली
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा



# हरियाणा के लिए संकल्प पत्र अध्यक्ष
# श्री ओ.पी. धनखड़ का संदेश

राम राम सारयाने,

हम सभी ने पिछले दशक में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय प्रगति देखी है। अब अमृत काल तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए यह आवश्यक हो गया है कि महाभारत की भूमि और वीरों की धरती हरियाणा तेजी से प्रगति करता रहे। पिछले दस वर्षों में हरियाणा ने समावेशी विकास देखा है, जिसने प्रदेश के लोगों की अपार आकांक्षाओं को पूरा किया है। यह चुनाव घोषणा पत्र "36 बिरादरी का साथ, हरियाणा का विकास" की हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है।

एक बार फिर, भारतीय जनता पार्टी ने समाज के हर वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस संकल्प पत्र को तैयार किया है | इसे तैयार करते समय हमने राज्य के हर क्षेत्र और समुदाय की जरूरतों का ध्यान रखा है और हरियाणवियों की आकांक्षाओं और सपनों को साकार करने का प्रयास किया है।

घोषणा पत्र समिति ने जनता के सुझावों और मांगों की गहन समीक्षा की और विषय विशेषज्ञों और पार्टी नेताओं के साथ मिलकर काम किया। हमारा घोषणा पत्र हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की मार्गदर्शक विचारधारा पर आधारित है। इस महत्वपूर्ण दस्तावेज को प्रस्तुत करते हुए, मैं सभी नागरिकों से एकजुट होकर अव्वल हरियाणा बनाने का आह्वान करता हूं। यह घोषणा पत्र केवल वादों की सूची नहीं है, बल्कि हरियाणा की समृद्धि की यात्रा को जारी रखने के लिए एक व्यापक रोडमैप है। यह महिलाओं, किसानों, युवाओं, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, पेशेवरों, उद्योग के नेताओं और निर्वाचित प्रतिनिधियों से संवाद करता है। यह हमारा संकल्प है कि हरियाणा को एक अग्रणी राज्य बनाएंगे, और अब जो कहा है वो हमेशा की तरह कर दिखाएंगे।


मैं घोषणा पत्र समिति के सदस्यों और हमारे प्रदेश अध्यक्ष के अमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। आइए हम नवीनीकृत संकल्प और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें ताकि हरियाणा को एक अग्रणी राज्य बनाया जा सके। हम वादा करते हैं कि हमारी नीतियां और कार्यक्रम हमारे नागरिकों के उच्च मानकों को पूरा करने के लिए लगातार काम करेंगे।

जय हरियाणा!

ओम प्रकाश धनखड़
घोषणा पत्र समिति अध्यक्ष



# दिग्दर्शक सदस्य



श्री मनोहर लाल खट्टर



श्री राव इंद्रजीत सिंह



श्री कृष्ण पाल गुर्जर



श्री रामबिलास शर्मा



डॉ. सुधा यादव



कैप्टन अभिमन्यु



श्री अनिल विज



श्री कृष्ण लाल पंवार

# विषय सूची


| | | |
|---|---|---|
| | प्रमुख 20 संकल्प | 12 |
| 01 | हरियाणा की बेटी, हरियाणा की शान | 16 |
| 02 | म्हारा किसान, म्हारा अभिमान | 20 |
| 03 | 36 बिरादरी का साथ एवं अंत्योदय उत्थान | 24 |
| 04 | सक्षम युवा, सशक्त हरियाणा | 28 |
| 05 | खेलेगा हरियाणा, खिलेगा हरियाणा | 32 |
| 06 | विश्वस्तरीय संरचना, विकसित हरियाणा | 34 |
| 07 | उद्योग एवं वाणिज्य विकास | 38 |
| 08 | अव्वल शिक्षा, अव्वल हरियाणा | 42 |
| 09 | स्वस्थ हरियाणा, आयुष्मान हरियाणा | 46 |
| 10 | कामगारों का सम्मान, हरियाणा की पहचान | 50 |
| 11 | म्हारी धरोहर, म्हारी विरासत | 52 |
| 12 | म्हारा संकल्प - सुरक्षा, न्याय और सुशासन | 56 |
| 13 | वीरों का सम्मान, हरियाणा शौर्यवान | 60 |
| 14 | हरियाणा का मिशन, पर्यावरण संरक्षण | 62 |
| | जिलावार संकल्प पत्र - हर जिला, अव्वल संकल्प | 64 |
| | हर जिला, म्हारा संकल्प | 68 |



# हरियाणा के लिए समग्र दृष्टिकोण

**राम राम सारयाने! जय श्री कृष्ण!**

बड़े आदर और सम्मान के साथ, हम धर्म की भूमि, हरियाणा में शीश झुकाए खड़े हैं, जहां आधुनिकता के जगत में हमारा गौरवशाली इतिहास संरक्षित है। आज का हरियाणा जीवन के दोहरे सिद्धांतों के रूप में धर्म भूमि और कर्म भूमि का प्रतीक बन गया है, जिसका यहाँ के नागरिकों द्वारा निर्वाह हरियाणा और भारत के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। हरियाणा और उसके लोगों को निराशा, अन्धकार, अराजकता और भय के युग से मुक्ति दिलाने के बाद हमारे द्वारा बनाई गई दस साल की सुदृढ़ नींव पर हमारा संकल्प और लक्ष्य खड़ा है।

अपने अंत्योदय मिशन के अनुसरण में, हमने हरियाणा की विकास दर अद्वितीय रखने के लिए कई पहल लागू की हैं। अब, हम हरियाणा को विकसित भारत संकल्प के ध्वज वाहक के तौर पर देखते है, जो न केवल अपने लोगों के लिए बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के लिए समृद्धि लाएगा। हरियाणा के प्रतिभाशाली लोग बड़े पैमाने पर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाते हैं; हमारे अन्नदाता देश को आहार प्रदान करते हैं, हमारे वीर जवान भारत की सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारे खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ाते हैं। हम परिवर्तनकारी नीतियां अपनाकर इन सभी की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उत्थान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पिछले दशक में हरियाणा में गरीब कल्याण, नारी शक्ति, अन्नदाता कल्याण, युवा शक्ति और गति शक्ति में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है। अमृत काल 2047 तक हरियाणा को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के हमारे संकल्प के लिए आधारशिला रखी जा चुकी है। उच्च एफडीआई प्रवाह और दुनिया में सबसे बड़े बीपीओ हब बनने के साथ, हमारी व्यापक और रणनीतिक पहलों से सशक्त होकर, इस संकल्प की ओर हरियाणा पहले से ही अग्रसर है। समग्र विकास के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप, हमारा लक्ष्य हरियाणा के हर व्यक्ति को उनके सपनों के हरियाणा की दिशा में काम करने और विकास के इस सुनहरे रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाना है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम हरियाणा को भारत की सबसे बड़ी कृषि अर्थव्यवस्था के रूप में देखते हैं, जो कृषि नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सबसे आगे होगा। हरियाणा सभी 24 फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद करने वाला भारत का पहला राज्य बन चुका है। अपनी गतिशील क्षेत्रीय नीति निर्माण के साथ, हमारा लक्ष्य नारी और युवा शक्ति की क्षमता का पूर्ण उपयोग करना है, क्योंकि वे राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

जनता की चौधर को लोगों से जोड़े रख कर, हम एक ऐसे राज्य की कल्पना करते हैं जो सुशासन और न्याय का उदाहरण बने। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' के भगवान श्री कृष्ण द्वारा दी गयी सीख को अपने हृदय में लेकर हम नया हरियाणा, नॉन-स्टॉप हरियाणा बनाना जारी रखेंगे।

इस संकल्प को ध्यान में रखते हुए, हम आशा और महत्वाकांक्षा से भरे भविष्य की ओर बढ़ेंगे, जो हमारे मजबूत इतिहास की नींव में निहित है, जो हमेशा राष्ट्र के लिए खड़ा रहा है और हमेशा खड़ा रहेगा- विकसित हरियाणा फॉर विकसित भारत।

**जय हिन्द!**



# प्रमुख 20 संकल्प

**01** हम हरियाणा की **सभी महिलाओं** को **'लाडो लक्ष्मी योजना'** के तहत **प्रतिमाह ₹2,100** की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।

**02** हम IMT खरखौदा की तर्ज पर पूरे प्रदेश में **10 अति आधुनिक औद्योगिक शहर** बनाएंगे। **प्रत्येक ऐसे शहर** में आस पास के गांव के **50,000 युवाओं को नौकरी** देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन देंगे।

**03** हम **चिरायु-आयुष्मान योजना** के तहत **हर परिवार** को **₹10 लाख की मुफ्त इलाज** सुविधा प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, हर परिवार के **70 वर्ष से अधिक** आयु के सदस्यों को **₹5 लाख की मुफ्त इलाज** सुविधा प्रदान की जाएगी।

**04** हम **सभी 24 फसलों** की **घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** पर **खरीद** जारी रखेंगे।

**05** हम **2 लाख युवाओं** को **'बिना पर्ची बिना खर्ची' पक्की सरकारी नौकरियां** देंगे।

**06** हम **5 लाख युवाओं** के लिए अन्य रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे एवं **नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना** के माध्यम से **मासिक स्टाइपेंड** की सहायता भी उपलब्ध कराएँगे।

**07** हम **शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास** उपलब्ध कराएँगे।

# प्रमुख 20 संकल्प

**08** हम जिला सरकारी अस्पतालों में **सभी मरीज़ों के लिए डायलिसिस की सुविधा मुफ्त** करेंगे तथा सरकारी व निजी अस्पतालों में **डायग्नोसिस की मुफ्त सुविधा** प्रदान करेंगे।

**09** हम **हर जिले** में अलग अलग **ओलंपिक खेलों की नर्सरी** बनाएंगे।

**10** हम **हर घर गृहणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बीपीएल परिवारों को **केवल ₹500 में एलपीजी सिलेंडर प्रदान करना जारी रखेंगे।**

**11** हम **अव्वल बालिका योजना** के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली **प्रत्येक महिला छात्रा को स्कूटर** प्रदान करेंगे।

**12** हम **हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी** देंगे।

**13** हम भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के **ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर** का निर्माण पूरा कर, **पलवल, झज्जर, बहादुरगढ़** और **खरखौदा** से **चंडीगढ़** तथा **मथुरा** तक **वंदे भारत ट्रेन** भी चलाएंगे।

**14** हम भारत सरकार के सहयोग से **दिल्ली से पलवल, दिल्ली से धारूहेड़ा, दिल्ली से रोहतक** और **दिल्ली से पानीपत** के बीच **रैपिड रेल (आर.आर.टी.एस.)** सेवा शुरू करेंगे। इसके अतिरिक्त हम **बाटा चौक फरीदाबाद से सेक्टर 56 गुरुग्राम** तक **इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो** सेवा चलाएंगे।

# प्रमुख 20 संकल्प

**15** हम **छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों)** के कल्याण के लिए **पर्याप्त बजट** के साथ अलग अलग **कल्याण बोर्ड** बनाएंगे।

**16** हम **DA** और पेंशनों को जोड़ने वाले **साइंटिफिक फार्मूला** के आधार पर, सभी **सामाजिक मासिक पेंशनों** की राशि में **वृद्धि** करेंगे।

**17** हम भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से **मेडिकल और इंजीनियरिंग** पढ़ने वाले **अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति** प्रदान करेंगे।

**18** **सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की,** मुद्रा योजना के अतिरिक्त, **25 लाख रूपये** के ऋण की **गारंटी हरियाणा राज्य सरकार** उठाएगी।

**19** हम हरियाणा को **वैश्विक शिक्षा का केंद्र** बनाएंगे, जो **AI और आधुनिक स्किल्स** का प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

**20** हम दक्षिण हरियाणा में **10,000 एकड़** का एक **अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क** स्थापित करेंगे।





# हरियाणा की बेटी, हरियाणा की शान



## हमारी उपलब्धियां

- पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया और निरंतर प्रदान करते रहेंगे।
- प्रदेश में 31 नये महिला पुलिस थाने स्थापित किये।
- 24 लाख गरीब महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिये।
- प्रदेश के 50 लाख परिवारों को हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का प्रावधान किया गया।
- 2023 में हरियाणा में लिंगानुपात बढ़कर 923 होना हमारी 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसी योजनाओं की सफलता को दर्शाता है और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा।
- 6,000 से अधिक स्टार्टअप की स्थापना को प्रोत्साहित किया है, जिनमें से 45% महिलाओं द्वारा संचालित हैं।

# हमारे संकल्प

1. हम हरियाणा की **सभी महिलाओं** को **'लाडो लक्ष्मी योजना'** के तहत **प्रतिमाह ₹2,100** की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे।
2. हम **हर घर गृहणी योजना** के तहत अंत्योदय तथा बीपीएल परिवारों को **केवल ₹500 में एलपीजी सिलेंडर प्रदान करना जारी रखेंगे।**
3. हम **अव्वल बालिका योजना** के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली **प्रत्येक महिला छात्रा को स्कूटर** प्रदान करेंगे।
4. **ग्रुप-सी व ग्रुप-डी** की सभी **महिला कर्मचारियों** को उनके **मनचाहे जिले में तैनात** करने के लिए एक नीति लागू करेंगे।
5. रात्रि शिफ्ट में काम करने वाली सभी महिलाओं को **सुरक्षित परिवहन सुविधा प्रदान करेंगे।**
6. हम **मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना** के अंतर्गत सभी वर्गों को **81,000 रुपये की वित्तीय सहायता** प्रदान करेंगे।
7. हम **हर गांव में एक महिला चौपाल** बनाएंगे।
8. हम हरियाणा में महिला कृषि वृद्धि योजना शुरू करके कृषि परिवारों में महिलाओं की पशुधन पालन, मधुमक्खी पालन, झींगा पालन,






डेयरी फार्मिंग और अन्य कृषि-उद्यम जैसी गतिविधियों के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगे।

9. हम अतिरिक्त अनुदान की पेशकश करके महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा स्टार्टअप नीति का विस्तार करेंगे और उनका प्रतिनिधित्व 45% से बढ़ाकर 60% करेंगे।

10. हम सभी जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण करेंगे।

11. हम प्रदेश में कम से कम 5 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे।

12. हम हर गांव में कम से कम एक स्वयं सहायता समूह की सारी महिला सदस्यों को 'ड्रोन दीदी' बनाएंगे।

13. हम पूरे हरियाणा में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और सहायक आवास प्रदान करने के लिए हर जिले में **शक्ति सदन** नाम से कामकाजी महिला छात्रावास स्थापित करेंगे।

14. हम हरियाणा में कल्पना चावला छात्रवृत्ति योजना शुरू करेंगे जिसमें विज्ञान और इंजीनियरिंग में स्नातक और स्नातकोत्तर पढ़ाई करने वाली लड़कियों को 1 लाख रुपये तक की छात्रवृति देंगे।

15. हम हरियाणा पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 15% से बढ़ाकर 25% करेंगे।

16. हम घरेलू दुर्व्यवहार से प्रभावित महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पूरे हरियाणा में आश्रय नाम से विशेष पुनर्वास और न्याय गृह स्थापित करेंगे।

17. हम सभी स्कूलों और कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों के आस पास सीसीटीवी कवरेज का विस्तार करके लड़कियों की सुरक्षा बढ़ाएंगे।

18. हम हरियाणा सरकार के कार्यालयों में 'मासिक धर्म स्वास्थ्य नीति' लागू करेंगे, जिसमें महिला सरकारी कर्मचारियों को उनके मनचाहे दिन पर मासिक छुट्टी दी जाएगी।





# म्हारा किसान, म्हारा अभिमान




## हमारी उपलब्धियां

- अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे आबियाने को जड़ से खत्म किया।
- मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के माध्यम से 12 लाख किसानों के बैंक खातों में पिछले 8 सीजन में 1.12 लाख करोड़ रुपये की राशि डाली गई, जिसको जारी रखेंगे।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना - 20 लाख किसानों के खातों में 5,694 करोड़ रुपये की राशि डाली गई और यह आगे भी जारी रहेगी।
- मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत धान की जगह वैकल्पिक फसलें बोने पर किसानों को 7,000 रुपये प्रति एकड़ दिए।
- फसली नुकसान में मुआवजा राशि ₹15,000 प्रति एकड़ बढ़ाई गई, और इसके तहत समयबद्ध मुआवजा प्रदान करेंगे।

# हमारे संकल्प

1. हम **सभी 24 फसलों** की **घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP)** पर **खरीद** जारी रखेंगे।
2. हम हरियाणा राज्य के गठन से पहले के **पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक दिलाएंगे।**
3. हम धान की जगह **अन्य फसल बोने या खेत खाली रखने पर 10,000 रुपये** प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देंगे।
4. हम **नकली खाद, बीज और कीटनाशक** बनाने व बेचने वालों को 5 साल की सजा देने का कानून लागू करेंगे तथा किसानों को शत-प्रतिशत मुआवजा भी सुनिश्चित करेंगे।
5. हम अत्याधुनिक **500 सी.एम. पैक्स** (प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां) स्थापित करेंगे, जो किसानों को प्रशिक्षण, विपणन और वित्तीय सेवाओं के लिए वन-स्टॉप सेंटर का कार्य करेंगे।
6. हम कृषि समर्थन योजना शुरू करेंगे, जिसके तहत हम:
   a. किसानों को 48 घंटे के भीतर डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करेंगे।
   b. सही तोल के लिए इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीनों का उपयोग सुनिश्चित करेंगे।
   c. सारी फसल का एक गेट पास जारी करेंगे।
7. हम सभी कृषक समूहों एवं पैक्स (PACS) को **अनाज गोदाम बनाने के लिए 1 करोड़ रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण** प्रदान करेंगे।
8. हम हरियाणा में डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक सरकारी दूध खरीद मात्रा को 1.67 लाख टन से 5 लाख टन बढ़ााएंगे, एवं:
   a. हम राज्य में वीटा बूथों को दोगुना करेंगे।
   b. हम हर ब्लॉक में एक 'दूध संग्रह केंद्र' स्थापित करेंगे, हर जिले में एक शीतलन केंद्र स्थापित करेंगे और ताजे दूध की एक आसान आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करेंगे।
9. प्रत्येक सहकारी चीनी मिल से जुड़े 11 इथेनॉल संयंत्र बनाएंगे।





10. हम मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत मुआवजे की वृद्धि महंगाई अनुसार आवधिक तौर पर सुनिश्चित करेंगे।
11. हम राज्य भर में कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए:
    a. फसलों पर कीटों और कीटों के हमलों का समय-समय पर आकलन करेंगे और पीएम प्रणाम के माध्यम से सब्सिडी वाले इनपुट प्रदान करेंगे।
    b. मिट्टी के पोषण में सुधार के लिए नैनो यूरिया और नैनो डी-अमोनियम फॉस्फेट अपनाने को बढ़ावा देंगे।
    c. मौसमी फसलों के लिए जलवायु-अनुकूल फसल किस्में उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार के साथ काम करेंगे।
12. हम तिलहन के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में सहायता प्रदान करके हरियाणा के किसानों को प्रोत्साहन देंगे।
13. हम राज्य में बेहतर कृषि पद्धतियों के माध्यम से हल्दी और धनिया जैसे मसालों की खेती को बढ़ाने के लिए एक मसाला विकास कार्यक्रम शुरू करेंगे।
14. हम हरियाणा की बाजरा जैसे श्री अन्न फसलों की ब्रांडिंग और प्रमोशन को प्राथमिकता देंगे।
15. हम हरियाणा की सभी ग्राम पंचायतों में किसानों को कृषि उपकरण पट्टे पर देने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करेंगे।
16. हम हर जिले में एक बड़ा कोल्ड स्टोरेज बनाएंगे ताकि फल और सब्जियां उगाने वालों की सहायता हो।
17. हम ई-नाम के साथ पूर्ण एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्य मंडियों का नवीनीकरण और उन्नयन करेंगे।
18. हमारा निम्नतम भूजल स्तर वाले 500 गांवों के जलभरों को रिचार्ज करने और उन्हें सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों से जोड़ेंगे।
19. हम सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से 10 खाद्य प्रसंस्करण पार्क स्थापित करेंगे।
20. हम हरियाणा के मुर्रा और हरियाना जैसी नस्लों को बढ़ावा देने के लिए "विशेष मवेशी प्रजनन केंद्र", पशु चिकित्सा क्लिनिक एवं मेगा गौशाला का निर्माण करेंगे।
21. पशुधन बीमा योजनाओं में अधिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए, हम पशुधन के लिए प्रीमियम का 50% योगदान देंगे।

22. हम सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के पुनर्वास और आवारा मवेशियों की समस्या के समाधान के लिए जियो - टैगिंग का उपयोग कर, नए गौशालाओं एवं बाड़ो का निर्माण करेंगे।

23. हम हरियाणा में कपास किसानों को कीट संक्रमण से लड़ने में 100% सक्षम बनाएंगे।

24. हम मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए सहकारी मॉडल में हैचरी की स्थापना के लिए 50% लागत अनुदान देंगे।

25. हम हर विधानसभा क्षेत्र में 2 मोबाइल पशु चिकित्सा क्लिनिक शुरू करेंगे, जिससे सभी के लिए व्यापक कवरेज और पशु चिकित्सा देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

26. हरियाणा में कुल किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) की संख्या दोगुनी करेंगे।

27. शहज़ादपुर चीनी मिल को पुनर्स्थापित करेंगे।

28. हम कैथल में अत्याधुनिक पशु आहार संयंत्र स्थापित करेंगे।

29. हम हिसार और फतेहाबाद में अमरुद के लिए एक अत्याधुनिक प्रसंस्करण और पैकेजिंग प्लांट एवं मंडी स्थापित करेंगे।

30. हम सिरसा में किन्नू के लिए एक अत्याधुनिक प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग प्लांट स्थापित करेंगे।





# 36 बिरादरी का साथ एवं अंत्योदय उत्थान



## हमारी उपलब्धियां

- 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को 1.11 लाख रुपये पुरस्कार के रूप में दिये गये।
- हरियाणा में पिछड़े वर्गों के लिए क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये की।
- पंचायती राज संस्थाओं और नगरपालिकाओं में ओ.बी.सी .- 'बी' श्रेणी को 5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया।
- हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (HAPPY)- प्रदेश के 84 लाख लोगों को वर्ष में 1000 किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा सुविधा दी जा रही है, जो निरंतर जारी रहेगी।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना - प्रदेश के 48 लाख परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।
- आपकी बेटी-हमारी बेटी योजना - 4.91 लाख बेटियों को उनके जन्म पर 21,000 रुपये दिये गये, जो आगे भी जारी रहेगा।
- हर टेल तक पानी पहुंचाया और हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचाया।

# हमारे संकल्प

1. हम **शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास** उपलब्ध कराएँगे।
2. हम जिला सरकारी अस्पतालों में **सभी मरीज़ों के लिए डायलिसिस की सुविधा मुफ्त** करेंगे तथा सरकारी व निजी अस्पतालों में **डायग्नोसिस की मुफ्त सुविधा** प्रदान करेंगे।
3. **हम छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों)** के कल्याण के लिए **पर्याप्त बजट** के साथ अलग-अलग **कल्याण बोर्ड** बनाएंगे।
4. हम भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से **मेडिकल और इंजीनियरिंग** पढ़ने वाले **अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति** प्रदान करेंगे।
5. हम **DA** और पेंशनों को जोड़ने वाले **साइंटिफिक फार्मूला** के आधार पर, सभी **सामाजिक मासिक पेंशनों** की राशि में **वृद्धि** करेंगे।
6. सभी **अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों** की, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, **25 लाख रूपये** के ऋण की **गारंटी हरियाणा राज्य सरकार** उठाएगी।
7. ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में **20 वर्षों से अधिक समय से काबिज** सभी परिवारों को भूमि का मालिकाना हक देकर उनकी रजिस्ट्रियां करवाएंगे।
8. **हम स्ट्रीट वेंडर्स और फेरीवालों** को व्यवसाय स्थापित करने के लिए **10,000 रुपये** की वार्षिक वित्तीय सहायता देंगे।
9. हम **मातृभाषा सत्याग्रहियों** की मौजूदा पेंशन को **₹ 15000 से बढ़ाकर ₹20000** करेंगे।
10. **HSVP के प्लॉटों** पर घर बनाने के लिए **सरकारी गारंटी पर बैंकों से 7 प्रतिशत वार्षिक** दर पर ऋण प्रदान करने की योजना लागू करेंगे।
11. हर **विद्यार्थी को उच्च शिक्षा** के लिए **सरकारी गारंटी पर बैंकों से 7 प्रतिशत वार्षिक दर पर ऋण** प्रदान करने की योजना लागू करेंगे।
12. हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से 5 लाख घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करेंगे।
13. हम हर जिला केंद्र में अति-वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवा केंद्र बनाएंगे।





14. हम पीएम विश्वकर्मा योजना का दो तरफा विस्तार करेंगे:

    a. हम हर ज़िले में एक विश्वकर्मा महाविद्यालय स्थापित करेंगे जो श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से सबंधित रहेगा।

    b. पारंपरिक हस्तशिल्प विशेषज्ञों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत टूल किट अनुदान के अलावा ₹5,000 के टॉप-अप की शुरुआत करेंगे।

15. हम लक्षित शैक्षिक अवसरों के माध्यम से सामाजिक उत्थान करेंगे जैसे:

    a. हम डॉ. अंबेडकर मेधावी विद्यार्थी संशोधन योजना का लाभ उठाने के लिए अनुसूचित जातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों के लिए वार्षिक पारिवारिक आय सीमा को ₹4 लाख से बढ़ाकर ₹ 6 लाख करेंगे।

    b. हर जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थियों के लिए कम से कम एक छात्रावास बनाएंगे।

16. हम निम्नलिखित पहल करके हरियाणा में दिव्यांगों का कल्याण सुनिश्चित करेंगे :

    a. हम पंचकुला में स्थित पार्क की तर्ज पर दिव्यांगों के लिए पार्क बनाएंगे।

    b. हम खेल, रंगमंच, कला और संस्कृति के क्षेत्र में सफल दिव्यांगों को सम्मानित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर वार्षिक राज्य स्तरीय पुरस्कार स्थापित करेंगे।

    c. हम राज्य में सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए मुफ्त बस यात्रा प्रदान करने का वादा करते हैं, जिससे उनकी गतिशीलता में आसानी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित होगी।

    d. हम दिव्यांग बच्चों को प्रारंभिक जांच, पुनर्वास और आजीवन देखभाल सहित व्यापक स्वास्थ्य और कल्याण सहायता प्रदान करने के लिए 'आरोग्य आश्रय योजना' शुरू करेंगे।

17. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश में 50% सफाई ठेके सफाई मित्रों और उनके समूहों को मिले।

18. हम निर्माण, बिजली, वॉशरी, रसायन और पेट्रोकेमिकल आदि जैसे खतरनाक उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों को हर वर्ष सुरक्षा उपकरणों के अधिकतम 2 सेट देंगे।

19. हम हरियाणा में अनुसूचित जाति परिवारों द्वारा पाले गए भेड़, बकरी और सूअर जैसे जानवरों को भारत सरकार की पशुधन बीमा योजना के तहत उन्हें बिना लागत बीमा प्रदान करवाएंगे।

20. हम हरियाणा के हर जिले में विभिन्न अनुसूचित जाति के लिए सामुदायिक हॉल बनाएंगे।

21. हम संत कबीर, संत रविदास और बाबासाहेब अंबेडकर जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतीकों के विचारों को प्रचारित करने के लिए प्रमुख शहरों में समरसता विरासत केंद्र स्थापित करेंगे।

22. हम अनुसूचित जाति के परिवारों को प्रभावित करने वाले भूमि विवादों जैसे स्थानांतरण, हानि, त्रुटि सुधार, मानचित्र सुधार और सीमांकन के समाधान में तेजी लाने के लिए हरियाणा भूमि न्यायाधिकरण की स्थापना करेंगे।





# सक्षम युवा, सशक्त हरियाणा




## हमारी उपलब्धियां

- प्रदेश के 1.44 लाख युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई और यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।
- आउटसोर्सिंग सेवाओं व हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत 1.20 लाख कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित करते हुए, उन्हें पक्के कर्मचारियों की तरह वेतन व सुविधाएं दीं।
- राज्य सरकार की विभिन्न पहलों के माध्यम से कुल 17.18 लाख नौकरियां सृजित की गयी और भाजपा राज्य सरकार के कार्यकाल में 1.43 लाख सरकारी क्षेत्र की नौकरियां सृजित की गयी।
- 12वीं पास युवाओं का मासिक बेरोजगारी भत्ता बढ़ाकर 1200 रुपये, स्नातक का 2000 रुपये तथा स्नातकोत्तर को 3500 रुपये किया गया।
- हमने "बुनियाद" तथा "सुपर 100" कार्यक्रम शुरू किये है, जो सरकारी स्कूलों के मेधावी छात्रों को आईआईटी/जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग प्रदान करते रहेंगे।
- हरियाणा में विश्व में बीपीओ कार्यबल का सर्वाधिक संकेन्द्रण है, अकेले गुरुग्राम में वैश्विक बीपीओ कार्यबल का 5% कार्यरत है।
- स्टार्टअप्स की संख्या के मामले में हरियाणा सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 7वें स्थान पर है और हरियाणा में 7,385 स्टार्टअप पंजीकृत हैं।
- राज्य में 1.60 करोड़ औपचारिक क्षेत्र की नौकरियां सृजित की गईं।

# हमारे संकल्प

1. नए मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही **24,000 युवाओं को ग्रुप सी की पक्की सरकारी नौकरियां** देंगे।
2. नवंबर 2024 में हम **16,000 युवाओं को ग्रुप ए , बी , सी एवं ग्रुप डी की पक्की सरकारी नौकरियां** देंगे।
3. हम **50,000 नए सरकारी पदों** पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करेंगे, जिनमें से **15 हजार पद केवल महिलाओं** के लिए होंगे।
4. हम उपरोक्त **90,000 सरकारी पदों पर भर्ती** के अलावा बाकी चार वर्षों में **1.10 लाख** और **युवाओं को बिना पर्ची- बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरियां** देंगे।
5. हम **5 लाख युवाओं** के लिए अन्य रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगे एवं **नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना** के माध्यम से **मासिक स्टाइपेंड** की सहायता भी उपलब्ध कराएँगे ।
6. हम **सीईटी-सी और सीईटी-डी की नई परीक्षाएं करवाएंगे।**
7. सीईटी की परीक्षा पास करने वाले वे सभी युवा, जिनको एक साल में नौकरी नहीं मिली, उन्हें अगले दो वर्षों तक **सक्षम युवा योजना के तहत 100 घंटे काम के बदले ₹ 9,000 मासिक** देंगे।
8. सीईटी की परीक्षा पास करने वाले वे युवा, जिनको नौकरी नहीं मिली उन्हें अपना **व्यवसाय शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा** देंगे।
9. हरियाणा कौशल विकास रोज़गार निगम में पंजीकृत, जिन युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिलेंगी, उनका तथा उनके नियोक्ता, **दोनों के 12% EPF अंशदान का खर्च सरकार द्वारा देने** की नीति लागू करेंगे।
10. हम 2 लाख से अधिक हरियाणवी युवाओं को नए युग की हार्ड स्किल्स ट्रेनिंग और प्रभावी प्लेसमेंट सहायता प्रदान करेंगे।






11. हम हरियाणा के युवाओं को एचपीएससी, यूपीएससी और सीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सक्षम बनाने के लिए:
    a. दो वर्षों के लिए सालाना ₹10,000 तक की वार्षिक कोचिंग फीस की प्रतिपूर्ति प्रदान करेंगे।
    b. परीक्षा केंद्रों तक की यात्रा लागत और आवेदन शुल्क की एक बार प्रतिपूर्ति करेंगे।
12. हम हरियाणा के फतेहाबाद, रोहतक, झज्जर, जींद और चरखी दादरी में 5 सिविल सेवा कोचिंग सेंटर स्थापित करके अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और ईडब्ल्यूएस छात्रों को मुफ्त कोचिंग और आवास सुविधा प्रदान करेंगे।
13. हम भर्ती कैलेंडर में हरियाणा के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक परीक्षा केंद्र अधिसूचित करेंगे।
14. युवाओं द्वारा लिए गए सभी मुद्रा ऋणों पर, हम बैंकों द्वारा लिए जाने वाले ब्याज में से 4% ब्याज का खर्च सरकारी कोष से वहन करेंगे।
15. हम 25-35 साल के युवाओं के लिए हर जिले में उम्मीद करियर काउंसलिंग और ट्रेड गाइडेंस सेंटर स्थापित करेंगे।
16. हम 'हरियाणा सरकार प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना' शुरू करेंगे जिसके माध्यम से प्रशिक्षुओं को मासिक वजीफे के रूप में प्रतिमाह ₹ 1,500 की मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी।
17. हम 2,000 नए हरहित स्टोर शुरू करेंगे।
18. हम युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और राज्य में सौर, पवन, हाइड्रो, जियोथर्मल और परमाणु ऊर्जा पर अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य में एक अत्याधुनिक नवीकरणीय ऊर्जा अनुसंधान केंद्र स्थापित करेंगे।
19. हम डंकी रुट की समस्या को जड़ से ख़त्म कर देंगे।






# खेलेगा हरियाणा, खिलेगा हरियाणा

## हमारी उपलब्धियां




- पदक विजेता खिलाड़ियों को देश में सर्वाधिक 6 करोड़ रुपये तक नकद पुरस्कार राशि देने वाला राज्य।
- पेरिस ओलंपिक-2024 में देश को कुल 6 पदक मिले हैं, जिनमें से 4 पदक हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीते हैं, जिन्हें खेलो इंडिया और टॉप्स के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त, कांस्य पदक विजेता हॉकी की टीम में भी हरियाणा के 3 खिलाड़ी शामिल थे।
- राई, सोनीपत में हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।

# हमारे संकल्प

1. हम **हर जिले** में अलग अलग **ओलंपिक खेलों की नर्सरी** बनाएंगे।
2. खिलाड़ियों को **500 रुपये प्रतिदिन डाइट मनी** प्रदान करेंगे।
3. हम खेल नर्सरियों के 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को **2,000 रुपये** तथा 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को **3,000 रुपये मासिक डाइट मनी प्रदान करेंगे।**
4. हम **एनआईएस (NIS) प्रमाणित कोचों** का वेतन **₹25,000 से बढ़ाकर ₹50,000** और अन्य कोचों का वेतन **₹20,000 से ₹40,000** तक बढ़ाएंगे।
5. हम खिलाड़ी बीमा लाभ योजना शुरू करेंगे, जिसके तहत किसी भी खिलाड़ी को **20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर प्रदान** किया जाएगा।
6. हर **पंचायत को 25 लाख रुपये तक** की खेल प्रोत्साहन राशि देंगे।
7. प्रदेश में राज्य स्तर पर प्रतिवर्ष तीन सर्व श्रेष्ठ अखाड़ों को 50 लाख रुपये, 30 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का इनाम देंगे। इसके अतिरिक्त जिला स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ अखाड़ों को 15 लाख रुपये, 10 लाख रुपये और 5 लाख रुपये का इनाम देंगे।
8. हम हर उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से ऊपर के **हर स्कूल को खेल के सामान** के लिए **1,00,000 रुपये की राशि देंगे।**
9. हम खेल नर्सरीज की संख्या 1,500 से बढ़ाकर 3,000 करेंगे।
10. हम अपने युवाओं को ओलंपिक खेलों में प्रशिक्षित करने के लिए अनुबंधित अंतरराष्ट्रीय कोचों की नियुक्ति करेंगे।
11. हम अपने खिलाड़ियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आयोजनों में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार की ग्रुप-सी नौकरियां देंगे।
12. हम निम्नलिखित कदम उठाकर हरियाणा में निशानेबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, तीरंदाजी और फील्ड खेलों को बढ़ावा देने के लिए पांडव खेल परियोजना शुरू करके:
    a. हरियाणा खेल उपकरण प्रावधान योजना में पांडव खेलों को शामिल करेंगे।
    b. ओलंपिक स्वीकृत 5 अखाड़े, 2 शूटिंग रेंज और 1 तीरंदाजी रेंज की स्थापना करेंगे।
    c. सभी सरकारी खेल मैदानों में अंतरराष्ट्रीय मानक के खेल उपकरणों की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।
13. हम स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा के हर ब्लॉक में ओपन एयर जिम्नेजियम बनाएंगे।
14. हम राज्य में खो खो और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को ऊपर उठाने के लिए 'हरियाणा खेल प्रोत्साहन योजना' शुरू करके हरियाणा के पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देंगे ।
15. हम ओलंपिक स्तर के किसी भी खिलाड़ी को, जो अपने गृह जिले में अकादमी खोलना चाहें , सस्ते दरों पर ₹5 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे।



# विश्वस्तरीय संरचना, विकसित हरियाणा



## हमारी उपलब्धियां

- हमने प्रदेश में 40 राष्ट्रीय राजमार्गों के विशाल जाल के माध्यम से हर ज़िले को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा है।
- प्रदेश में 40 हजार करोड़ रुपये की लागत से 1,350 किलोमीटर लम्बे नये राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए।
- हिसार में महाराजा अग्रसेन के नाम पर प्रदेश का पहला हवाई अड्डा बनाया गया।
- फरीदाबाद में वाई.एम.सी. चौक से बल्लभगढ़, बहादुरगढ़ से मुंडका, बदरपुर से मुजेसर तथा गुरुग्राम में सिकंदरपुर स्टेशन से सेक्टर-56 तक मेट्रो रेल सेवा शुरू की गई।
- प्रदेश के 5,858 गांवों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है।

# हमारे संकल्प

1. हम IMT खरखौदा की तर्ज पर पूरे प्रदेश में **10 अति आधुनिक औद्योगिक शहर** बनाएंगे। **प्रत्येक ऐसे शहर** में आस पास के गांव के **50,000 लाख युवाओं को नौकरी** देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन देंगे।
2. हम भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के **ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर** का निर्माण पूरा कर, **पलवल, झज्जर, बहादुरगढ़** और **खरखौदा** से **चंडीगढ़** तथा **मथुरा** तक **वंदे भारत ट्रेन** भी चलाएंगे।
3. हम भारत सरकार के सहयोग से **दिल्ली से पलवल, दिल्ली से धारूहेड़ा, दिल्ली से रोहतक** और **दिल्ली से पानीपत** के बीच **रैपिड रेल (आर.आर. टी.एस.)** सेवा शुरू करेंगे।
4. हम सभी शहरों की **जल निकासी समस्या के समाधान के लिए 500 करोड़ रुपये** का जलभराव निवारण कोष स्थापित करेंगे।
5. हम सभी **11 निगमों तथा रेवाड़ी में 375 नई इलेक्ट्रिक बसों** के साथ सिटी बस सर्विस शुरू करेंगे।
6. हम प्रदेश भर में किफायती दरों पर हेली टैक्सी सेवाओं की शुरुआत करेंगे।
7. हम भारत सरकार के सहयोग से **बाटा चौक फरीदाबाद से सेक्टर 56 गुरुग्राम** तक **इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो** सेवा चलाएंगे।
8. हम नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से 25,000 मेगावाट का उत्पादन करेंगे, जिसका उपयोग हरियाणा और एनसीआर के विभिन्न औद्योगिक केंद्रों को बिजली देने के लिए दिया जाएगा।
9. हम महेंद्रगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन हब स्थापित करेंगे।
10. हम जेवर हवाई अड्डे से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे।





11. हम पुराने और नए फरीदाबाद को अंडरपास द्वारा जोड़ेंगे।

12. हम हरियाणा को 'जीरो लैंडफिल' राज्य बनाने की दिशा में गुरुग्राम के बंधवाड़ी लैंडफिल की समस्या के निपटान के संबंध में, एक रैपिड एक्शन टास्क फोर्स की स्थापना करेंगे।

13. हम पानीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम में रासायनिक और औद्योगिक कचरे के निर्वहन की समस्या के समाधान के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण करेंगे।

14. हम आदर्श गांव अभियान चलाएंगे और निम्नलिखित उपाय लागू करेंगे:

    a. हम राज्य के शेष गांवों को 24*7 बिजली प्रदान करने के लिए "म्हारा गांव-जगमग गांव" योजना का विस्तार करेंगे।

    b. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि 2026 तक हरियाणा के सभी गांव स्ट्रीट लाइट से रोशन हो जाएं।

    c. हम ग्रामीण सड़कों का समय-समय पर रखरखाव करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुधार योजना शुरू करेंगे। हम एक व्यापक ग्रामीण सड़क संपर्क कार्यक्रम भी लागू करेंगे, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी गांवों में हर मौसम के लिए उपयुक्त सड़कें उपलब्ध हों।

15. हम अंबाला हवाई अड्डे के विकास में तेजी लाने और हिसार हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय कार्गो हब के रूप में विस्तारित करने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ सहयोग करेंगे।

16. हम समयबद्ध तरीके से करनाल-यमुनानगर नई रेलवे लाइन का निर्माण करेंगे।

17. हम महामारी के दौरान बंद की गई पहले से मौजूद यात्री ट्रेनों के स्थान पर अमृत भारत ट्रेनें शुरू करने के लिए रेल मंत्रालय के साथ काम करेंगे।

18. हम राज्य भर में रेलवे क्रॉसिंगों पर चल रहे रेलवे ओवरब्रिज और अन्य पुलों के निर्माण में तेजी लाएंगे।

19. हम राज्य के सभी जिलों को जोड़ने वाले मल्टी-लेन राजमार्गों के निर्माण में तेजी लाएंगे।

20. हम राज्य के प्रमुख शहरों में समर्पित बहु-स्तरीय पार्किंग स्थल का निर्माण करेंगे।

21. हम निम्नलिखित उपायों के माध्यम से हरियाणा के शहरों में व्यापक जल प्रबंधन प्रणाली और नहर आधारित जल प्रणालियों में क्रमिक बदलाव को लागू करने के लिए एक कार्यबल की स्थापना करेंगे:

    a. टास्कफोर्स जल संचयन संरचनाओं और तालाब क्षेत्रों के निर्माण की निगरानी करेगा।

    b. स्थायी जल आपूर्ति लाइनों के लिए क्रीक और पुनर्भरण कुओं का तटीकरण किया जाएगा।

    c. हरियाणा के जल संसाधनों को सुरक्षित करने के लिए जलभृत मानचित्रण का कार्य और जल ऑडिट की शुरुआत करेंगे।

22. हम चरखी दादरी में उत्तर भारत का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा पार्क विकसित करेंगे।

23. हम मौजूदा आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर करनाल में एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करेंगे।

24. हम यमुनानगर और हिसार में 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करेंगे।

25. हम हथिनी कुंड बैराज पर जल भंडारण क्षमता बढ़ाएंगे।

26. हमारे न्यायोचित हिस्से के पानी को सतलुज-यमुना लिंक (एसवाईएल) के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र हरियाणा में लाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

27. हम झज्जर ज़िले में एक राष्ट्र स्तरीय खेल परिसर व स्टेडियम बनाएंगे।

28. हम हर जिले में आबादी के हिसाब से एक अत्याधुनिक सभागार बनाएंगे।






# उद्योग एवं वाणिज्य विकास

## हमारी उपलब्धियां



- प्रदेश का निर्यात 68,032 करोड़ रुपये (वर्ष 2014) से बढ़कर 2,75,245 करोड़ रुपये (वर्ष 2023-24) हुआ।
- आई.एम.टी. खरखौदा (सोनीपत) में मारूति सुजुकी द्वारा 800 एकड़ तथा सुजुकी द्वारा 100 एकड़ भूमि पर उद्योग स्थापित।
- संशोधित मुख्यमंत्री व्यापारी क्षतिपूर्ति योजना के तहत आग और सेंधमारी के मामले में हुए नुकसान की भरपाई के लिए 5 लाख रुपये से 20 लाख रुपये तक के बीमा कवर की सुविधा आगे भी जारी रहेगी।
- हरियाणा में 2022-23 में 70% नौकरियाँ गैर-कृषि क्षेत्र में सृजित हुईं।
- हरियाणा भारत का सबसे बड़ा ऑटोमोटिव हब है।

# हमारे संकल्प

1. हम राज्य के छोटे व्यापारियों को **जी.एस.टी. से पहले के 7 अधिनियमों** के तहत बकाये का निपटान करेंगे और उनका ब्याज व जुर्माना शत-प्रतिशत माफ किया जाएगा।
2. किसी भी सरकारी संस्था द्वारा समय पर भुगतान न करने पर संबंधित को **8 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान** करने की नीति लागू करेंगे।
3. हम नारनौल, महेंद्रगढ़ में इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण कार्य में तेजी लाएंगे।
4. हम केंद्र सरकार की पीएम-मित्र योजना के साथ सहयोग करेंगे और हरियाणा के सबसे बड़े टेक्सटाइल केंद्र अंबाला में एक एकीकृत कपड़ा पार्क स्थापित करने का लक्ष्य रखेंगे।
5. हम उत्पाद से जुड़े प्रोत्साहन योजना और हरियाणा फार्मास्युटिकल नीति 2015 के माध्यम से आगामी फार्मास्युटिकल उद्योग का दोहन करने के लिए करनाल में फार्मा पार्क की स्थापना में तेजी लाएंगे।
6. हम केंद्र सरकार के साथ सहयोग करेंगे और भारत को वैश्विक फिनटेक हब बनाने के दृष्टिकोण को और मजबूत करने के लिए गुरुग्राम में एक विश्व स्तरीय फिनटेक हब स्थापित करेंगे।
7. हम पीपीपी मोड में महेंद्रगढ़ में डिफेंस और एयरोस्पेस हब स्थापित करेंगे।
8. हम रोहतक में इलेक्ट्रिक वाहनों के पुर्जे बनाने के लिए एक ईवी पार्क विकसित करेंगे।
9. हम सिरसा और भिवानी में सफेद झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे।






10. हम औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर सब्सिडी प्रदान करके जगाधरी शहर के धातु उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए एक मास्टर प्लान पेश करेंगे।
11. हम नए उद्योगों के विकास के लिए ई-भूमि द्वारा 10,000 एकड़ का नया लैंड बैंक बनाएंगे।
12. हम केएमपी मार्ग पर ड्राई फ्रूट्स, हार्डवेयर एवं इलेक्ट्रिकल, फर्नीचर, फार्मास्युटिकल और कपड़े के लिए पांच विशेष होलसेल क्लस्टर स्थापित करेंगे।
13. हम जींद में आयुष हर्बल पार्क स्थापित करेंगे।
14. हम स्थानीय सिरेमिक आपूर्ति श्रृंखला का उपयोग करके सिरेमिक वस्तुओं के विनिर्माण, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने के लिए हिसार में एक सिरेमिक पार्क स्थापित करेंगे।
15. हम पंचकुला और फरीदाबाद में आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना को बढ़ावा देंगे, जिससे हरियाणा डिजिटल अर्थव्यवस्था का केंद्र बन जाएगा।
16. हम केंद्र सरकार के साथ सहयोग करेंगे और छोटे व्यापारियों और एमएसएमई को आग, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं आदि जैसी दुर्घटनाओं से बचाने के लिए किफायती बीमा उत्पाद लॉन्च करेंगे।
17. हम 2016 शिखर सम्मेलन की तरह एक वैश्विक हरियाणा औद्योगिक शिखर सम्मेलन का आयोजन करेंगे और प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे।
18. हम रेवाड़ी में देश की सबसे बड़ी सरसों तेल सहकारी मिल स्थापित करेंगे।
19. हम सोनीपत में विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स हब विकसित करेंगे।
20. हम पलवल में एक इंडस्ट्रियल मॉडल पार्क विकसित करेंगे।
21. हम झज्जर में एक फुटवियर पार्क स्थापित करेंगे।
22. हम हिसार में औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करेंगे।
23. हम कुरुक्षेत्र में हैफेड द्वारा एक आधुनिक सूरजमुखी तेल पेराई मिल स्थापित करेंगे।
24. हम बरवाला औद्योगिक एस्टेट, पंचकुला के विकास को तेजी से आगे बढ़ाएंगे।






# अव्वल शिक्षा, अव्वल हरियाणा

## हमारी उपलब्धियां



- प्रदेश में 77 नये राजकीय महाविद्यालय खोले गए। इनमें से 32 महाविद्यालय केवल लड़कियों के लिए हैं।
- ई-अधिगम योजना के तहत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों का 5.50 लाख टेबलेट निःशुल्क वितरित।
- दुधोला, जिला पलवल में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित किया गया।
- लड़कियों की उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात को 33.7% तक बढ़ाया है एवं इस पहल को जारी रखेंगे।
- KG से PG योजना के तहत बीपीएल परिवारों की लड़कियों को किंडरगार्टन से पोस्ट ग्रेजुएट तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करते रहेंगे।



# हमारे संकल्प

1. हम हरियाणा को **वैश्विक शिक्षा का केंद्र** बनाएंगे, जो **AI** और **आधुनिक स्किल्स** का प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
2. हम हरियाणा के उन विद्यार्थियों को कृषक युवा छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे जो कृषि और संबद्ध शैक्षणिक क्षेत्रों में स्नातक और उससे ऊपर की पढ़ाई करना चाहते हैं।
3. हम राज्य के शीर्ष 10 सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों को हरियाणा प्रौद्योगिकी संस्थान (एचआईटी) बनाएंगे।





4. हम राज्य विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों का व्यापक नवीनीकरण करके:

    a. सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों को डिजिटल लाइब्रेरी सदस्यता प्रदान करेंगे।

    b. दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों को गुणवत्तापूर्ण पठन सामग्री तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अधिक मोबाइल लाइब्रेरी बनाएंगे।

    c. सुविधाजनक बुनियादी ढांचे के साथ गुणवत्तापूर्ण पठन सामग्री तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए टियर 2 और टियर 3 शहरों में वाचनालय स्थापित करेंगे।

5. हम प्रति पात्र हरियाणवी छात्र को नेशनल मीन्स-कम-मेरिट छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रति वर्ष ₹3,000 की अतिरिक्त छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।



6. हम सभी मौजूदा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और पाठ्यक्रम संवर्धन के साथ आधुनिक बनाएंगे, साथ ही शिक्षा और बाजार के बीच एक मजबूत इंटरफ़ेस स्थापित करेंगे, जिससे हमारे युवाओं के लिए निर्बाध कौशल विकास और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

7. हम अगले 5 वर्षों में राज्य की 10,000 आंगनबाड़ियों को नई पीढ़ी के 'सक्षम आंगनबाड़ी' केंद्रों में बदलने के लिए कदम उठाएंगे।

8. हम उच्च माध्यमिक विद्यालय पाठ्यक्रम में कोडिंग, डेटा विश्लेषण, डिजिटल सुरक्षा जैसे डिजिटल साक्षरता विषयों को शामिल करेंगे और शिक्षकों को उनके डिजिटल कौशल को मजबूत करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

9. हम हर स्कूल में उम्मीद काउंसलिंग स्थापित करेंगे और कक्षा 9 से राज्य के छात्रों के लिए करियर काउंसलिंग अनिवार्य करेंगे।

10. हम फतेहाबाद में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे।


पास बुक
PASS BOOK



# स्वस्थ हरियाणा, आयुष्मान हरियाणा




## हमारी उपलब्धियां

- आयुष्मान भारत-चिरायु योजना के तहत 1.19 करोड़ आयुष्मान चिरायु कार्ड बनाये गये।

- हर जिले में मेडिकल कॉलेज के विजन को साकार करते हुए 9 नये मेडिकल कॉलेज खोले गये जिनकी संख्या बढ़कर अब 15 हुई है।

- गांव बाढ़सा, जिला झज्जर में देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का निर्माण 2035 करोड़ रुपये की लागत से किया गया। माजरा, जिला रेवाड़ी में एम्स निर्माणाधीन।

# हमारे संकल्प

1. हम **चिरायु-आयुष्मान योजना** के तहत **हर परिवार** को **₹10 लाख की मुफ्त इलाज** सुविधा प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, हर परिवार **के 70 वर्ष से अधिक** आयु के सदस्यों को **₹5 लाख की मुफ्त इलाज** सुविधा अलग से प्रदान की जाएगी।
2. हम 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोलते हुए हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज का संकल्प पूरा करेंगे।
3. हम मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 1,700 से बढ़ाकर 3,700 कर देंगे।
4. हम हर जिले के सिविल अस्पताल में आई.सी.यू. बनाएंगे।
5. हम सभी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों पर हर 60 किलोमीटर पर एक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करेंगे।
6. हम वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रतिवर्ष एक निःशुल्क मास्टर स्वास्थ्य जांच का आयोजन करेंगे।






7. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि एमआरआई, सीटी स्कैन, यूएसजी, वातानुकूलित ब्लड बैंक जैसी मल्टीस्पेशलिटी सुविधाएं राज्य भर के सिविल अस्पतालों में मौजूद हों, जिसकी शुरुआत महेंद्रगढ़, कैथल और सिरसा से होगी।

8. हम राज्य में बीपीएल परिवारों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी प्रदान करेंगे।

9. हम 'निरोगी योजना' का विस्तार करेंगे और 3 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले सभी परिवारों के सदस्यों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच करेंगे।

10. हम 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 200 बिस्तर तथा 200 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 300 बिस्तर वाले अस्पतालों में अपग्रेड करेंगे।

11. स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए हम हरियाणा के हर गांव और शहर में स्वास्थ्य और मोटरबाइक एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार करेंगे।

12. हम पोम्पे रोग, डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी जैसी 55 दुर्लभ बीमारियों के लिए जिला मेडिकल महाविद्यालयों में मुफ्त इलाज़ व्यवस्था बनाएंगे और मौजूदा मासिक सहायता हर 6 वे महीने बढ़ाएंगे।

13. हम मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोगों जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए राज्य भर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में गैर-संचारी रोग क्लीनिक स्थापित करेंगे।

14. हम ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों को शहरी क्षेत्रों के विशेषज्ञों से जोड़ने और मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 'ई-संजीवनी' टेलीमेडिसिन केंद्र विकसित करेंगे।

15. हम एक एकीकृत स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) लागू करेंगे जो बीमारियों के नए प्रकोप और प्रसार की पहचान करने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ती है।

16. हम गुरुग्राम में 700 बिस्तरों वाला एक अतिआधुनिक सरकारी अस्पताल स्थापित करेंगे।

17. हम राज्य के हर योगशाला के साथ एक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निर्माण करेंगे।





# कामगारों का सम्मान, हरियाणा की पहचान

## हमारी उपलब्धियां



- नई एक्सग्रेशिया स्कीम के तहत सरकारी कर्मचारी के 52 साल की उम्र से पहले निधन होने पर आश्रित को अनुकंपा आधार पर नौकरी का प्रावधान किया गया।
- आउटसोर्सिंग नीति के तहत कार्यरत महिला कर्मचारियों को नियमित महिला कर्मचारी समकक्ष मातृत्व अवकाश की सुविधा दी गई।
- दिव्यांग महिला कर्मचारियों को चाइल्ड केयर के लिए 1500 रुपये प्रति बच्चा विशेष भत्ते का प्रावधान जारी रहेगा।
- गेस्ट टीचर विधेयक, 2019 तथा अनुबंधित कर्मचारी सेवा सुरक्षा अध्यादेश, 2024 द्वारा 2 लाख कच्चे कर्मचारियों की नौकरियों को बचाया।
- राज्य में औपचारिक क्षेत्र में 1.60 करोड़ नौकरियां सृजित हुईं।

# हमारे संकल्प

1. हम हरियाणा सरकार के कर्मचारियों के लिए नई **एकीकृत पेंशन योजना अपनाएंगे**, जो सुनिश्चित पेंशन, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करेगी।
2. **अनुबंधित कर्मचारी सेवा सुरक्षा अध्यादेश, 2024** की तर्ज पर शेष श्रेणियों जैसे एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग कॉलेज व पॉलिटेक्निक की गेस्ट फैकल्टी जैसी अनेक श्रेणियों के अनुबंधित कर्मचारियों की सेवाओं को सुरक्षित करने का एक और कानून बनाएंगे।
3. हम पांच वर्षों में सफाई कर्मचारियों का वेतन ₹16,000/17,000 से बढ़ाकर ₹26,000/27,000 कर देंगे।
4. हम 'अंत्योदय आहार योजना' को दोगुना करेंगे और 2027 तक पूरे हरियाणा में 250 कैंटीन स्थापित करेंगे, जिससे मजदूरों के लिए किफायती भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।
5. हमारा लक्ष्य सरकारी स्कूलों में 30:1 छात्र-शिक्षक अनुपात बनाए रखना, संविदा शिक्षकों को एक सप्ताह का सवैतनिक अवकाश प्रदान करना और दिव्यांग शिक्षकों के लिए गृह जिलों को प्राथमिकता देना होगा।
6. हम वॉक-टू-वर्क नीति के तहत कार्य स्थलों के पास के शहरों में श्रमिक वर्ग के लिए 1,00,000 नए घर बनाएंगे।
7. हम हरियाणा में मनरेगा श्रमिकों के लिए ई-श्रम के तहत सार्वभौमिक पंजीकरण सुनिश्चित करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ उन्हें मिले।
8. हम हरियाणा में ऑटो रिक्शा चालकों के लिए एक कल्याण बोर्ड स्थापित करेंगे, जिसमें चालक समुदाय के उत्थान और समर्थन के लिए ₹30 करोड़ आवंटित किए जाएंगे।
9. हम असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों, जैसे ऑटो चालक, डिलीवरी पार्टनर, ट्रक ड्राइवर आदि को ई-श्रम पर पंजीकृत करने के लिए एक अभियान चलाएंगे, जिससे उनकी पेंशन और बीमा लाभों तक पहुंच की गारंटी होगी।





# म्हारी धरोहर, म्हारी विरासत

## हमारी उपलब्धियां



- मॉरीशस, लंदन, कनाडा, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन किये गये।
- मोरनी, पंचकूला में पैराग्लाइडिंग, जेट स्केटर, कयाकिंग, रोलर ज़ोरबिंग, हॉट एयर बैलून, पैरासेलिंग से ई-हाइड्रोफिल जैसी गतिविधियों की शुरुआत की गई।
- राखीगढ़ी, हिसार में 6 एकड़ क्षेत्र में संग्रहालय व विवेचन केन्द्रों का निर्माण कार्य जारी।
- हमने 2015 में हरियाणा सरस्वती विकास बोर्ड की स्थापना की है, जो सरस्वती नदी का जीर्णोद्धार एवं तटों पर तीर्थ स्थलों के विकास का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है।
- सिंधु दर्शन यात्रा, कैलाश मानसरोवर यात्रा, स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा और अयोध्या के रामलला मंदिर के दर्शन के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वित्तीय सहायता जारी रहेगी।

# हमारे संकल्प



1. हम दक्षिण हरियाणा में **10,000 एकड़** का एक **अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क** स्थापित करेंगे।
2. हम हरियाणा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का शुभारम्भ करेंगे।
3. हम धर्मभूमि कुरुक्षेत्र के विकास को बढ़ाने के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड को अतिरिक्त धनराशि आवंटित करके ब्रह्म सरोवर, श्रीकृष्ण संग्रहालय और पर्यटक सुविधाओं के विकास में तेजी लाएंगे।
4. हम ज्योतिसर में चल रही महाभारत-थीम वाली परियोजनाओं पर तेजी से काम करके और स्वदेश दर्शन योजना के तहत समय पर पूरा करना सुनिश्चित कर, कुरुक्षेत्र को एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित करने में तेजी लाएंगे।
5. 48 कोस कुरुक्षेत्र में आने वाले सभी 182 महाभारत, पितृ मोक्ष, शिव, शक्ति और अन्य प्राचीन तीर्थ स्थलों पर विकास कार्य किए जाएंगे और तीर्थाटन को बढ़ाने के लिए परिक्रमा बस सर्विस शुरू की जाएगी।
6. हम सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए जल और पारिस्थितिक बहाली प्रयासों और सरस्वती देवी की ऊंची प्रतिमाएं स्थापित करके, कुरुक्षेत्र में पिपली के पास सरस्वती वाटिका रिवर फ्रंट के विकास को तेजी से आगे बढ़ाएंगे।
7. राष्ट्र की सेवा में हरियाणा के योगदान को सम्मानित करने और स्मरण करने के लिए हम रेवाड़ी में एक सैन्य संग्रहालय स्थापित करेंगे।





8. हम एएसआई के साथ समन्वय में अग्रोहा धाम को पुरातात्विक महत्व के स्थल के रूप में विकसित करेंगे और संग्रहालय और ओपन एयर थिएटर के निर्माण की चल रही परियोजनाओं में तेजी लाएंगे।
9. हम सारे प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं के विकास में भारी निवेश करके वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। कनेक्टिविटी बढ़ाकर राखीगढ़ी को एक विश्वस्तरीय पुरातात्विक स्थल के रूप में विकसित करेंगे।
10. हम वैष्णो देवी और शिरडी जैसे अतिरिक्त तीर्थ स्थलों को शामिल करने के लिए 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' का विस्तार करेंगे।
11. हम फार्म और होमस्टे मालिकों के लिए उन्नत विपणन और समर्थन के साथ, 2027 तक पंजीकृत फार्म पर्यटन केंद्रों को 100 तक बढ़ाकर हरियाणा में फार्म पर्यटन का विस्तार करेंगे।
12. हम हरियाणा के प्रमुख स्थलों पर पर्यटक सूचना केंद्रों का प्रबंधन करने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और राज्य में पर्यटन सेवाओं को बढ़ाने में महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों को शामिल करके उन्हें सशक्त बनाएंगे।
13. हम हरियाणा की भाषाओं, संस्कृति, कला और गौरव को स्पष्ट करने के लिए शैक्षिक पाठ्यपुस्तकों में 'म्हारा हरियाणा' को एक विषय के रूप में जोड़ेंगे।
14. हम पूरे भारत में एवं विदेशों में रहने वाले हरियाणामूल के लोगों को प्रदेश के विकास के साथ जोड़ेंगे। मजबूत सांस्कृतिक संबंधों द्वारा राज्य के साथ जुड़ाव की भावना को गहरा करने के लिए वार्षिक हरियाणा महोत्सव का आयोजन करेंगे।
15. हम पंचकूला में सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक विश्वस्तरीय फिल्म सिटी का विकास करेंगे।
16. हम यमुना नदी, यमुना नहर, हथिनीकुंड, तिलयार झील और टिक्कर ताल में नई वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देंगे।





# म्हारा संकल्प- सुरक्षा, न्याय और सुशासन




## हमारी उपलब्धियां

- डायल-112 द्वारा 35 लाख आपातकालीन त्वरित सहायता औसतन 7 से 8 मिनट में पहुंचाई गई और हम इस समय अवधि को और भी कम करने के लिए प्रयासरत रहेंगे।
- पंचकूला पुलिस मुख्यालय पर हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो स्थापित किया गया।
- जिला स्तर पर कुल 29 साइबर अपराध पुलिस व 318 साइबर डेस्क स्थापित किये गये।

# हमारे संकल्प

1. हम 'हरियाणा सरकार म्हारे घर के द्वार' योजना लागू करेंगे, जिससे नागरिकों की सुविधा के लिए सीधे उनके दरवाजे पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध होंगी और साथ ही ब्लू-कॉलर नौकरियां भी पैदा होंगी।

2. हम कर्मियों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी समाधान और क्षमता निर्माण शुरू करने के लिए हरियाणा पुलिस बल के आधुनिकीकरण के लिए ₹300 करोड़ का फंड मंजूर करेंगे।

3. हम महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए महिला पुलिस थानों का और विस्तार करेंगे।

4. हम सभी जिलों में पिंक पीसीआर वैन की संख्या दोगुनी करके और होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा विभाग में स्वतंत्र महिला प्लाटून और कंपनियों की संख्या बढ़ाकर पूरे हरियाणा में महिला सुरक्षा को मजबूत करेंगे।

5. हम यह सुनिश्चित करेंगे कि साइबर सुरक्षा में सुधार और साइबर अपराधों को रोकने के लिए हरियाणा के हर पुलिस उपमंडल में एक साइबर पुलिस सेल हो।

6. हम मजबूत सड़क सुरक्षा नीति को लागू करके और त्वरित प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करके हरियाणा को "शून्य सड़क दुर्घटना" राज्य बनाने का सतत प्रयास करेंगे।





7. हम 2029 तक नशा मुक्त हरियाणा बनाने के लिए:

   a. अनुच्छेद 47 को सख्ती से लागू करेंगे और नशीली दवाओं की तस्करी और संबंधित अपराधों के लिए कम से कम दस साल की कैद (जो आजीवन कारावास तक बढ़ाई जा सकती है) और कम से कम ₹5 लाख के जुर्माने के साथ सख्त कानून बनाएंगे।

   b. सभी जिलों में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट फास्ट-ट्रैक कोर्ट की स्थापना और लंबित मामलों को कम करने और निर्णयों में स्थिरता बनाए रखने के लिए एक केंद्रीकृत एनडीपीएस मॉनिटरिंग सेल बनाएंगे।

8. हम सरकारी सेवाओं के बेहतर समन्वय और वितरण के लिए हरियाणा के प्रत्येक जिले में 22 जिला कमांड नियंत्रण केंद्र स्थापित करेंगे, जिन्हें "दृष्टि केंद्र" नाम दिया जाएगा।

9. हम हरियाणा कर्मयोगी को मिशन मोड में सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिए एक राज्य कार्यक्रम के रूप में शुरू करेंगे।

10. हम पूरे राज्य में अधिवक्ताओं और डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिवक्ता और डॉक्टर सुरक्षा अधिनियम पेश करेंगे।

11. हम 25-दिवसीय शिकायत समाधान ढांचा स्थापित करेंगे और सभी सरकारी विभागों में नागरिक शिकायतों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करेंगे।

12. हम मेवात में एक नई सशस्त्र पुलिस बटालियन की स्थापना करेंगे ताकि कानून प्रवर्तन प्रणाली को मजबूत किया जा सके और संगठित हिंसा को बेहतर ढंग से नियंत्रित किया जा सके।






# वीरों का सम्मान, हरियाणा शौर्यवान

## हमारी उपलब्धियां



- शहीद सैनिक अनुग्रह अनुदान राशि 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की गई।
- घायल सैनिकों के लिए निशक्तता के आधार पर अनुग्रह अनुदान राशि 15 लाख रुपये से बढ़ाकर 35 लाख रुपये की गई।
- अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वाले शहीद सैनिकों के 415 आश्रितों को सरकारी नौकरी दी गई।

# हमारे संकल्प

1. हम **हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी** देंगे।
2. सरकार के विभिन्न बोर्डों के चेयरमैन तथा मार्किट कमेटी, जिला कष्ट निवारण समिति, नगर परिषद इत्यादि के सदस्यों के **पदों पर 10 प्रतिशत पूर्व सैनिकों को मनोनीत** करेंगे।
3. **शहीद सैनिकों के हर बच्चे** को 6वीं से 12वीं कक्षा तक 60,000 रुपये, स्नातक तक 72,000 रुपये तथा स्नातकोत्तर तक 96,000 रुपये प्रतिवर्ष **छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे।**
4. हम **सशस्त्र पुलिस बल** एवं **सैन्य कर्मियों** के परिवारों के लिए **एक समर्पित हेल्पलाइन** बनाएंगे।
5. हम सैनिक कल्याण विभाग के तहत "वीर उड़ान योजना" शुरू करेंगे, जिसमें पूर्व सैनिकों को रोजगार पाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण या कौशल प्रमाणन प्राप्त करने के लिए ₹50,000 का एकमुश्त डीबीटी प्रदान किया जाएगा।
6. हम पूर्व सैनिकों को 5 साल तक की भुगतान अवधि के साथ ₹10 लाख तक का ब्याज-मुक्त ऋण दिलाएंगे।
7. हम 'जय जवान आवास योजना' के तहत पूर्व सैनिकों के लिए आवास निर्माण में तेजी लाएंगे।





# हरियाणा का मिशन, पर्यावरण संरक्षण

## हमारी उपलब्धियां



- हमने हरियाणा को सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाला राज्य बनाया है और आगे भी इसी गति से नए विकास लक्ष्यों को हासिल करने हेतु कार्य करेंगे।
- हमने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य लाभ के लिए कालका से कलेसर तक 150 किमी का नेचर ट्रेल बनाया है।
- हमने पर्यावरण से संबंधित डेटा संग्रहण और प्रसार के लिए एनवायरनमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम हब (ENVIS) स्थापित किया है, जो जानकारी, जागरूकता और आजीविका कार्यक्रमों पर केंद्रित है।
- हमने वन मित्र और किसान मित्र नामक अनोखी योजनाओं से हज़ारों युवाओं को मानदेय देकर पर्यावरण संरक्षण के कामों से जोड़ा है और ऐसी पहलें आगे भी जारी रहेंगी।
- हमने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत 1.50 करोड़ पौधे लगाने के संकल्प के प्रति अग्रसर रहेंगे।

# हमारे संकल्प

1. हम राज्य में पराली जलाने को कम करने के लिए किसानों को प्रति एकड़ 1,500 रुपये और "रेड जोन" से "ग्रीन जोन" बनने वाली पंचायतों को 1.5 लाख रुपये की वार्षिक प्रोत्साहन राशि देंगे। यह राशि हर पंचायत के पंचायत पर्यावरण संरक्षण कोष में दी जाएगी।

2. हम बरसात के मौसम में बाढ़ और अत्यधिक पानी से बचाने के लिए अमृत सरिता योजना के तहत यमुना और घग्गर के किनारे तटबंधों को मजबूत करेंगे।

3. हम हरियाणा के सभी जिलों को शामिल करने के लिए अमृत सरोवर पहल के तहत काम का विस्तार और तेजी लाने के लिए कदम उठाएंगे।

4. हम कालेसर राष्ट्रीय उद्यान और सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य में अवैध शिकार विरोधी उपायों, आवास बहाली और समुदाय आधारित संरक्षण प्रयासों को मजबूत करेंगे।

5. हम जल स्तर के स्वास्थ्य का आकलन करने और भूमिगत जल स्तर को संरक्षित करने के लिए राज्यव्यापी जल विज्ञान सर्वेक्षण करेंगे।

6. हम हरियाणा के वन क्षेत्र को बढ़ाने के लिए अरण्य (वनरोपण पुनर्वनीकरण और पोषण योजना) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देंगे। हम मुरथल सिटी फॉरेस्ट की तर्ज पर हरियाणा के हर शहर में शहरी वन बनाएंगे।

7. हम मिट्टी की प्रोफ़ाइल का आकलन करने और मिट्टी के कटाव की रोकथाम की रणनीतियों का सुझाव देने के लिए राज्य स्तरीय मिट्टी सर्वेक्षण करेंगे, जैसे कि कवर फसलों, समोच्च खेती और बिना जुताई वाली खेती को बढ़ावा देना।



# जिलावार संकल्प पत्र
## हर जिला, अव्वल संकल्प

### अंबाला

- पीएम-मित्र योजना के तहत अंबाला में एक एकीकृत कपड़ा पार्क की स्थापना करेंगे
- शहज़ादपुर चीनी मिल को पुनरस्थापित करेंगे
- हवाई अड्डे के विकास में तेजी लाने के लिए अथक प्रयास करेंगे

### सिरसा

- किन्नू के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग प्लांट स्थापित करेंगे
- सफेद झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे

### गुरुग्राम

- 700 बिस्तरों वाला सरकारी अस्पताल स्थापित करेंगे
- एक विश्व स्तरीय वैश्विक फिनटेक हब स्थापित करेंगे
- 'जीरो लैंडफिल' हरियाणा के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण एवं एक समर्पित कोष बनाएंगे

### करनाल

- एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) स्थापित करेंगे
- करनाल-यमुनानगर नई रेलवे लाइन के निर्माण में तेजी लाएंगे
- फार्मा पार्क की स्थापना में तेजी लाएंगे

### रेवाड़ी

- देश की सबसे बड़ी सरसों तेल सहकारी मिल स्थापित करेंगे
- एक सैन्य संग्रहालय स्थापित करेंगे

### जींद

- ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग और आवास उपलब्ध कराने के लिए एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर बनाएंगे
- आयुष हर्बल पार्क की स्थापना करेंगे

# जिलावार संकल्प पत्र
## हर जिला, अव्वल संकल्प

### फरीदाबाद

- रासायनिक और औद्योगिक कचरे के निर्वहन के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण करेंगे
- अपशिष्ट और सीवरेज प्रबंधन से निपटने एक समर्पित कोष बनाकर 'जीरो लैंडफिल' हरियाणा का निर्माण करेंगे
- आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना को बढ़ावा देंगे
- हम जेवर हवाई अड्डे से फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे
- हम पुराने और नए फरीदाबाद को अंडरपास द्वारा जोड़ेंगे

### चरखी दादरी

- उत्तर भारत का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा पार्क विकसित करेंगे
- ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग और आवास उपलब्ध कराने के लिए एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर बनाएंगे

### सोनीपत

- विश्व स्तरीय लॉजिस्टिक्स हब विकसित करेंगे
- शक्ति पुलिस थानों का विस्तार, पिंक पीसीआर वैन की संख्या दोगुनी एवं शिक्षण संस्थानों के पास सीसीटीवी कवरेज बढ़ाएंगे

### यमुनानगर

- 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करेंगे
- करनाल-यमुनानगर नई रेलवे लाइन के निर्माण में तेजी लाएंगे
- औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर सब्सिडी प्रदान कर जगाधरी शहर के धातु उद्योग को पुनर्जीवित करने एक मास्टर प्लान पेश करेंगे

### रोहतक

- इलेक्ट्रिक वाहनों के पुर्जे बनाने के लिए एक ईवी पार्क विकसित करेंगे
- ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग और आवास उपलब्ध कराने के लिए एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर बनाएंगे

# जिलावार संकल्प पत्र
## हर जिला, अव्वल संकल्प

### भिवानी

- सफेद झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करेंगे
- शक्ति पुलिस थानों का विस्तार, पिंक पीसीआर वैन की संख्या दोगुनी एवं शिक्षण संस्थानों के पास सीसीटीवी कवरेज बढ़ाएंगे

### फतेहाबाद

- अमरूद के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण और पैकेजिंग प्लांट एवं मंडी स्थापित करेंगे
- ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग और आवास उपलब्ध कराने के लिए एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर बनाएंगे

### पलवल

- एक इंडस्ट्रियल मॉडल पार्क विकसित करेंगे

### झज्जर

- एक फुटवियर पार्क स्थापित करेंगे
- एक राष्ट्र स्तरीय खेल परिसर व स्टेडियम बनाएंगे
- ओबीसी, एससी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग और आवास उपलब्ध कराने के लिए एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर बनाएंगे

### कैथल

- अत्याधुनिक पशु आहार संयंत्र स्थापित करेंगे

### हिसार

- औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करेंगे
- हिसार हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय कार्गो हब के रूप में विस्तारित करेंगे
- सिरेमिक वस्तुओं के विनिर्माण, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने, एक सिरेमिक पार्क स्थापित करेंगे
- अमरूद के लिए अत्याधुनिक प्रसंस्करण और पैकेजिंग प्लांट एवं मंडी स्थापित करेंगे
- 800 मेगावाट का नया थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करेंगे

# जिलावार संकल्प पत्र
## हर जिला, अव्वल संकल्प

### पानीपत

- रासायनिक और औद्योगिक कचरे के निर्वहन के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निर्माण करेंगे

### कुरुक्षेत्र

- एक आधुनिक सूरजमुखी तेल पेराई मिल स्थापित करेंगे
- ज्योतिसर में महाभारत-थीम वाली परियोजनाओं पर तेजी लाएंगे एवं एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र में विकसित करेंगे
- सरस्वती नदी को पुनर्जीवित करने, जल और पारिस्थितिक बहाली प्रयासों एवं सरस्वती देवी की प्रतिमाएं और सरस्वती वाटिका रिवर फ्रंट के काम तेज़ी से करेंगे

### महेंद्रगढ़

- इंटीग्रेटेड मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण कार्य में तेजी लाएंगे
- हम पीपीपी मोड में डिफेंस और एयरोस्पेस हब स्थापित करेंगे
- मुर्रा और हरियाना जैसे मवेशियों को बढ़ावा देने के लिए "विशेष मवेशी प्रजनन केंद्र", पशु चिकित्सा क्लिनिक एवं मेगा गौशाला का निर्माण करेंगे
- हम महेंद्रगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन हब स्थापित करेंगे

### मेवात

- कानून प्रवर्तन प्रणाली मजबूत एवं संगठित हिंसा को नियंत्रित करने, एक नई सशस्त्र पुलिस बटालियन की स्थापना
- हम दक्षिण हरियाणा में 10,000 एकड़ का एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली सफारी पार्क स्थापित करेंगे

### पंचकूला

- आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित, विश्वस्तरीय फिल्म सिटी का विकास करेंगे
- आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना को बढ़ावा देंगे
- बरवाला क्षेत्र में उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए औद्योगिक एस्टेट को विकसित करेंगे

# हर जिला, म्हारा संकल्प

हम हर जिले में एक विश्वकर्मा महाविद्यालय स्थापित करेंगे जो श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से संबंधित रहेगा।

सभी जिलों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण करेंगे।

हम हर जिले के सिविल अस्पताल में आई.सी.यू. बनाएंगे।

हम 7 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोलते हुए हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज का संकल्प पूरा करेंगे।

हम 100 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 200 बिस्तर तथा 200 बिस्तर वाले सिविल अस्पतालों को 300 बिस्तर वाले अस्पतालों में अपग्रेड करेंगे।

हम सभी जिलों में सिटी स्कैन, एम.आर.आई. व कार्डियोलॉजी सेवाओं का विस्तार करेंगे।

हम हर गांव में एक महिला चौपाल बनाएंगे।

हम हर जिला केंद्र में अति-वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवा केंद्र बनाएंगे।

हम हर जिले में ओलंपिक खेल नर्सरी बनाएंगे।

हम हर जिले में आबादी के हिसाब से एक अत्याधुनिक सभागार बनाएंगे।

हम "दृष्टि केंद्र" नाम से प्रत्येक जिले में 22 जिला कमांड नियंत्रण केंद्र स्थापित करेंगे जो सरकारी सेवाओं के बेहतर समन्वय और वितरण सुनिश्चित करेंगे।

# नोट्स

# नोट्स

# नोट्स

## भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा

30, हुड्डा कॉम्प्लेक्स, रोहतक, हरियाणा - 124001; फोन : 01262 253212

संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु QR Code को स्कैन करें

कमल का बटन दबाएं बीजेपी को जिताएं